# 'आई.वी.एफ. से जन्मे बच्चों और सामान्य बच्चों में कोई फर्क नहीं'

**कोटा,** (निसं)। नीलकंठ आईवीएफ फर्टीलिटी एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर द्वारा आईवीएफ बेबीज कार्निवल का आयोजन डीसीएम रोड़ स्थित होटल लोटस अनंता में किया गया।

नीलकंठ आईवीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.आशीष सूद एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ.सिमी सूद ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.संगीता सक्सेना, विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि के रूप में जेके लोन अस्पताल के गायनिक विभाग की एचओडी डॉ.ममता शर्मा एवं जेके लोन अस्पताल की सीनियर प्रोफेसर डॉ.निर्मला शर्मा रहीं। सर्वप्रथम डॉ. प्रीति पालीवाल ने अतिथियों एवं देशभर से आए अभिभावकों व बच्चों का स्वागत किया।



कोटा में आई.वी.एफ. बेबीज कार्निवल का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में सेलिब्रेटी अतिथि के रूप में शामिल बालिका वधु की मां का रोल निभाने वाली अभिनेत्री स्मिता बंसल ने कहा कि वह बेबी कार्निवल में शामिल होने के लिए वह बहुत ही उत्साहित थी। आज यहां आकर उन्होंने जो देखा और जाना उससे वह बहुत ही खुश है और भावुक भी है। उन्हें आईवीएफ के बारे में पहले कोई ज्यादा जानकारी नहीं थी।

लेकिन इसके बारे में जब मैंने जाना तो मुझे महसूस हुआ कि वाकई में निसंतानता का दुख क्या होता है। स्मिता बंसल अमानत, आशीर्वाद और सरहदें जैसे धारावाहिकों से ख्याति पाने वाली बॉलीवुड की सफल अभिनेत्री हैं। मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ.संगीता सक्सेना ने इस अवसर पर नीलकंठ हॉस्पिटल परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यहां से कितने ही परिवारों को खुशियां मिली है, उनके जीवन में आई एक रिक्तता को पूर्ण किया है उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने मंच के सामने बैठे हुए बच्चों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये बच्चे खूब पढ़ाई करेंगे और आगे जाकर कोई डॉक्टर कोई अच्छे पद पर जाकर नाम कमाएंगे। जेके लोन अस्पताल के गायनिक विभाग की एचओडी डॉ.ममता शर्मा एवं जेके लोन अस्पताल की सीनियर प्रोफेसर डॉ. निर्मला शर्मा ने कहा कि आईवीएफ को लेकर आज भी लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं, जिन्हें जागरूकता के माध्यम से दूर करने की आवश्यकता है। इस दौरान डॉ. अल्का बाठला ने बताया कि कार्यक्रम में नीलकंठ आईवीएफ द्वारा होने वाले सभी आईवीएफ बेबीज को आमंत्रित किया गया जो भारत के कोने-कोने से उदयपुर पहुंचे।

कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नि:संतानता से जुड़ी गलत धारणों को दूर करना और यह समझाना है कि आईवीएफ के बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह ही होते हैं।

समारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए डॉक्टर सिमी सूद ने इस अवसर पर उन्होंने नीलकंठ हॉस्पिटल कि अब तक की यात्रा के बारे में बताते हुए कहा थी 2003 में उदयपुर से इसकी शुरुआत हुई। प्रारंभिक काल में जब यह शुरू हुआ तब लोगों को आईवीएफ के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसी के चलते 2007 में आईवीएफ शुरू किया गया। हजारों बच्चे आईवीएफ से दुनिया में आकर के मुस्कुरा रहे हैं।

- **आई.वी.एफ. द्वारा जन्मे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया**

**हमारा आदर्श वाक्य मातृत्व के सपने को साकार करना:-** डॉ. आशीष सूद ने अस्पताल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नीलकंठ फर्टिलिटी एंड वुमन केयर हॉस्पिटल की स्थापना डॉ. सिमी सूद ने की जिन्होंने राजस्थान के हर एक नि:संतान दम्पतियों को आई.वी.एफ प्रक्रिया के बारे में जागरूक कर उनके माता-पिता बनने का सपना साकार करने का सपना देखा। इसी सोच के साथ नीलकंठ हॉस्पिटल की स्थापना 2007 में की गई जो अपने आदर्श वाक्य मातृत्व के सपने को साकार्य करने के अनुरूप आज दिन तक हजारों निसंतान दम्पतियों के चेहरों पर मुस्कान ला रहे हैं।

उन्होंने बताया कि डॉ.सिमी सूद 20 से भी अधिक वर्षों के लम्बे अनुभव के साथ दक्षिण राजस्थान में सहायक प्रजनन के क्षेत्र में अग्रणी हैं। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए बच्चों के लिए स्पेशल गेम जोन भी बनाया गया जिसमें मैजिक शो, ट्रामपॉलिन, टैटू आर्ट, नेल आर्ट, रिमोट कार आदि गेम्स शामिल थे। कार्यक्रम में बच्चों के कार्टून कैरेक्टर भी अलग-अलग वेशभूषा में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर प्रीति पालीवाल द्वारा सभी अतिथियों अभिभावकों एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया गया।

# जोसा द्वारा वेरिफिकेशन अथॉरिटी के कांटेक्ट डिटेल जारी नहीं होने से स्टूडेंट्स की परेशानी बढ़ी

कोटा, (निसं)। देश के आईआईटी एनआईटी, ट्रिपलआईटी समेत 121 संस्थानों की 59 हजार 917 सीटों के लिए जोसा द्वारा ज्वाइंट काउंसलिंग चल रही है। जोसा द्वारा प्रथम राउंड सीट आवंटन की ऑनलाइन रिपोर्टिंग का समय समाप्त हो गया है।

ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान स्टूडेंट्स के अपलोड किये गए डाक्यूमेंट्स में कोई भी कमी पाए जाने पर जोसा द्वारा उन्हें क़्वेरी भेजकर सूचित जा रहा है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हें प्रथम राउण्ड सीट आवंटन के पश्चात ऑनलाइन रिपोर्टिंग में अपलोड किए गए डाक्यूमेंट्स में कमी पाए जाने पर जोसा द्वारा कोई भी क़्वेरी आई है, उन्हें 26 जून शाम 5 बजे तक उस क़्वेरी का रिस्पांस कर अपने मांगे गए सही डॉक्यूमेंट्स को अपलोड करना होगा होगा अन्यथा उनकी आवंटित सीट केन्सिल कर दी जाएगी और वे जोसा काउंसलिंग के आगे के सभी राउंड से बहार हो जायेंगे। इस वर्ष जोसा द्वारा ना तो कोई वेरिफिकेशन अथॉरिटी का कांटेक्ट नंबर दिए गए है और ना ही उनका कोई ईमेल आईडी दिया गया है जहा स्टूडेंट्स वेरिफिकेशन के दौरान आयी क़्वेरी के लिए सीधे संपर्क कर सके जबकि गत वर्षो में इनके कांटेक्ट नंबर दिए जाते थे जहा स्टूडेंट्स ऑनलाईन रिपोर्टिंग में आयी क्वेरी पर जरुरत पड़ने पर उनसे संपर्क कर अपनी परेशानी का समाधान कर लेता था।

**सीट वेरिफिकेशन का कन्फर्मेशन ना मिलने पर स्टूडेंट्स असमंजस में:-** एक्सपर्ट आहूजा के अनुसार स्टूडेंट्स को जोसा काउन्सलिंग में ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान अपनी आवंटित सीट के लिए तीनो स्टेप पूरे करने के बाद उन्हें जोसा द्वारा डोक्युमेंट्स वेरिफाई कर सीट कन्फर्मेशन का इंतज़ार करते दिखाई दे रहे है क्योकि बहुत से स्टूडेंट्स ऐसे है जिन्होंने ऑनलाइन रिपोर्टिंग कर सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण कर ली परन्तु अभी तक उनके सारे डाक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हुए है और ना ही उनकी आवंटित सीट का कन्फर्मेशन आया है ऐसे में ये स्टूडेंट्स अस्मजस में है।

**काउंसलिंग ऑप्शन बदलने का मौका:-** एक्सपर्ट आहूजा के अनुसार जिन स्टूडेंट्स को प्रथम राउण्ड में सीट का आवंटन हुआ था और उन्होंने ऑनलाईन रिपोर्टिंग कर फ्लॉट, स्लाईड व फ्रीज ऑप्शन को चुना लिया है, उन्हें पहले राउंड की ऑनलाइन रिपोर्टिंग में दुबारा अपने द्वारा प्रथम काउंसलिंग विकल्प को बदलने का अवसर दे दिया गया है। स्टूडेंट्स फ्लॉट, स्लाईड व फ्रीज ऑप्शन को बदलकर आगे की काउंसलिंग में जाना चाहते हैं, उन्हें वेबसाईट पर लॉगिन कर दिए गऐं काउंसलिंग विकल्प पर जाकर अपने काउन्सलिंग ऑप्शन को स्विचओवर 26 जून शाम 5 बजे तक कर सकते है। स्टूडेंट्स फ्लॉट ऑप्शन को स्लाइड व फ्रीज में एवं स्लाईड ऑप्शन को फ्लॉट व फ्रीज में एवं फ्रीज़ को फ्लोट या स्लाइड में बदलकर आगे की काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

# प्री मानसून की बौछारों से किसानों के चेहरे खिले

- **तापमान में गिरावट से मौसम सुहावना हुआ**
- **खेत तैयार करने में जुटे किसान**

**छबड़ा** (निसं)। मौसम ने यहां सोमवार को अचानक से करवट ली। देर शाम काली घटाओं ने पूरे शहर को ढक लिया।

इसी बीच शाम 7.15 बजे प्री मानसून की झमाझम बारिश से सड़कें तरबतर हो गई। जिससे शहर का मौसम सुहावना हो गया। प्री-मानसून बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिल गए और आमजन को उमस वाली गर्मी से भी राहत मिली है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनो से भीषण व उमस भरी गर्मी पड़ रही थी। वहीं, हीटवेव चलने से लोगों जीना बेहाल हो रहा था। इसके चलते आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित था। अस्पताल की ओपीडी में गर्मी के चलते मरीजों की संख्या में काफी इजाफा देखा जा रहा था।

ऐसे में प्री मानसून की बारिश होने से ओपीडी में मरीजों की संख्या में कमी आने की संभावना है।

वही, सोमवार को हवा के साथ हुई बारिश से आमजन ने राहत की सांस ली। वहीं, पशु पक्षी एवं वन्य जीवों को भी बारिश से राहत मिली।

**खेत तैयार करने में जुटे किसान:-** प्री मानसून की बारिश के बाद किसान खेत में फसल बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों ने खेत में खरीफ फसल के लिए काम शुरू कर दिया है। किसान अब खेतों में जुताई के बाद फसल की बुवाई करने में जुटेंगे।

# योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**झालावाड़,** (निसं)। आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आगामी मानसून के दौरान मौसमी बीमारियों से बचाव एवं तैयारियों की जानकारी लेते हुए जिला अस्पताल सहित प्रत्येक पीएचसी व सीएचसी में चिकित्सकों सहित दवाईयों एवं अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों एवं अन्य मेन्टीनेन्स के कार्यों की समीक्षा करते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों को दी जाने वाली सुविधाओं की सुचारू व्यवस्था करने तथा मेडिकल कॉलेज में अधिक से अधिक पौधारोपण कराने के निर्देश एसआरजी चिकित्सालय के अधीक्षक को दिए।

# राज्यपाल आज कोटा में

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार को प्रात: 11:20 बजे कोटा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राज्यपाल एयरपोर्ट से सीधे कृषि विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल दोपहर 12 बजे कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के 7वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्यपाल दीक्षांत समारोह से दोपहर 2:15 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

# एस.पी. को परिवाद देकर न्याय की गुहार की

**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ में सोमवार को बलात्कार पीड़ित महिला ने जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

पीड़िता ने परिवाद में बताया कि एक महा पूर्व अब्दुल अजीज नामक व्यक्ति ने उसके साथ बलात्कार किया था जिसकी रिपोर्ट एक माह पहले ही महिला थाने में दर्ज करा दी थी। लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी को लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी को परिवाद देकर कार्रवाई की मांग की है।

- **एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ**

पीड़ित महिला ने परिवाद में बताया कि एक माह पहले अब्दुल अजीज के खिलाफ महिला थाने में बलात्कार का मामला दर्ज करवाया था। लेकिन मामला दर्ज करवाए एक माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि आरोपी अब्दुल अजीज पर धारा 366 ,342 ,376 ,600 में महिला थाना में प्रकरण दर्ज है। परन्तु अभी तक अभियुक्त पुलिस गिरफ्तारी से दूर हे। पीड़िता ने बताया कि उसका पति कैंसर की बीमारी से पीड़ित है।

एक माह पूर्व ही उसका पति कैंसर का इलाज करवाने अहमदाबाद गया हुआ था। पीड़िता ने बताया कि उसका पति आरोपी के यहां कई सालों से काम करता है। इसी के चलते आरोपी अब्दुल अजीज ने पति की बीमारी की रिपोर्ट दिखाने के बहाने मुझे बुलाया और कार को लॉक कर रैनबसेरा ले जाकर वहां मेरे साथ बलात्कार किया था। जिसकी रिपोर्ट करवाए एक माह होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

# नवाचार अपनाकर विद्यार्थियों में स्किल डवलपमेंट करें : शिक्षा मंत्री

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि विद्यालयों में नवाचारों अपनाने जाएं जिससे बच्चे स्किल डवलपमेंट की दिशा में आगे बढ़कर रोजगार पा सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देकर उन्हें अच्छे नागरिक बनाना हमारा मूल उद्देश्य होना चाहिए।


कोटा में शिक्षा मंत्री ने विद्यालय प्राचार्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया।

शिक्षा मंत्री सोमवार को हरिशचंद्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यालय प्राचार्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में सुधार लाकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों का लक्ष्य समय पालन, विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए। हमें बच्चों को शिक्षण के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर एवं गुणात्मक शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें आदर्श नागरिक बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है और इस दिशा में सभी शिक्षक आत्मचिंतन करते हुए सकारात्मक कदम उठाएं।

एच.सी.एम. रीपा के अतिरिक्त निदेशक रामगोप मीणा ने बताया कि 26 जून तक चलने वाले विद्यालय के प्राचार्यों के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्हें वित्त एवं लेखा नियम, स्ट्रेस मैनेजमेंट, साइंस ऑफ हेप्पीनेस, एप्लीकेशन ऑफ कम्प्यूटर, एसएसओ, राजकाज ई-फाईल, ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, राजस्थान सेवा नियम, सीसीए रूल्स 1958 आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि उनकी कार्यक्षमता में अभिवृद्धि हो सके।

शिक्षा मंत्री ने ओटीएस परिसर में पौधारोपण कर पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ओटीएस के अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपी। उन्होंने वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर प्रकृति को बचाने का आव्हान किया। उन्होंने प्रकृति के बिगड़ते हुए संतुलन में सुधार के लिए पौधारोपण का महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 8 अगस्त को अमृत पर्यावरण दिवस मनाएगी जिसमें प्रत्येक विद्यालय द्वारा सघन पौधारोपण कार्यक्रम किया जाएगा।

# कर्मचारी हितनिधी समिति की बैठक हुई

**कोटा,** (निसं)। कर्मचारी हितनिधी समिति की बैठक मण्डल कार्मिक अधिकारी अविरल शर्मा के कक्ष मे आयोजित की गई जिसमे वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की ओर से मुजाहत अली खान एवं पी.के. गर्ग ने भाग लिया।

कर्मचारी हितनिधी समिति के सदस्य मुजाहत अली खान ने बताया कि दिनांक 24 जून को हुई कर्मचारी हितनिधी समिति की बैठक मे सभी हितनिधी समिति सदस्यों ने मण्डल कार्मिक अधिकारी अविरल शर्मा का स्वागत किया। मण्डल कार्मिक अधिकारी द्वारा कर्मचारी हितनिधी समिति के नये सदस्य पी.के.गर्ग का भी स्वागत किया गया। बैठक मे कई प्रकरणों पर चर्चा हुई, जिसमे मुख्य रूप से कर्मचारी हितनीधि समिति द्वारा आयोजित कर्मचारी भ्रमण केम्प पर चर्चा की गई, इस वर्ष यह केम्प केरल भ्रमण पर जायेगा एव 24 अगस्त को प्रस्थान करेगा। बैठक में कई कार्यालयों मे आर.ओ लगाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृती दी गई।

# 'हाड़ौती की लघु चित्र शैली को बच्चों के साथ बड़े भी सीख रहे हैं'

**कोटा,** (निसं)। कला दीर्घा कोटा में राजस्थान ललित कला अकादमी एवं कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर द्वारा द्वारा हाड़ौती लघु चित्र शैली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में बच्चों की प्रतिभाएं और उत्साह तो दिख ही रहा है, बुजुर्ग और सामान्य व्यक्ति भी इस बार इस कला को सीख रहे हैं।

- **कला दीर्घा में प्रशिक्षण शिविर का समापन 27 को होगा**
- **ललित कला अकादमी बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी लगाएगी**

बच्चों के साथ बड़ों का समन्वय देखते ही बन रहा है। प्रशिक्षण शिविर का समापन 27 जून को कलादीर्घा में होगा। समन्वयक डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि राजस्थान ललित कला अकादमी एवं कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर की ओर से पहले कोटा में प्रशिक्षण शिविर के दौरान बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और उसके बाद आमजन इसे देख सकेंगे। 27 जून को इस प्रशिक्षण शिविर का समापन होगा, जिसमें ख्यातनाम कलाकार उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि हाड़ौती संभाग की चित्र शैली अपने आप में मन को प्रफुल्लित करने वाली है। पेंटिंग की बारिकियां बच्चों ने यहां सीखी है।

ललित कला अकादमी लगातार आर्ट एंड कल्चर को बढ़ावा दे रही है, उसके लिए आर्थिक रूप से भी सहायता कर रही है। मो. लुकमान ने कहा कि कोटा शैली के चित्र सीखने में बच्चे इंटरेस्ट ले रहे हैं। समय लगेगा लेकिन यह अच्छी पहल है कि बच्चों में इसका रुझान है। आने वाले समय में इन्हें प्रोत्साहित किया गया तो यह कला जीवंत हो उठेगी। लगभग 400 साल पुरानी कोटा-बूदी चित्र शैली सीखाने की कार्यशाला, 16 जून से कला दीर्घा में शुरू हुई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मो. लुकमान हाथ पकड़कर कूंची चलाना सीखा रहे है। राजस्थान में हाडौती की चित्र शैली में हाथी, शेर, नायिका, पेड़ पोधे, फूल, प्राकृतिक चित्रण व बारिकियां बताई जा रही है। कवि कपिल खंडेलवाल कलश ने बताया कि इस लुप्त होती कला को स्थानीय कलाकार व राजस्थान ललित कला अकादमी एवं कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर द्वारा द्वारा हाडोती लघु चित्र शैली का प्रशिक्षण देकर आने वाले पीढ़ी तक तन-मन से आगे बढ़ाने का यह प्रयास सराहनीय ह। इस कार्यशाला में, कवि कपिल खंडेलवाल कलश, प्रखर खंडेलवाल सहित 50 प्रशिक्षणार्थी सीख रहे है। इस आयोजन में विनय शर्मा प्रदर्शनी अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर और राजकुमार जैन, प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# तीन पिस्टल व 12 जिन्दा कारतूस सहित तीन आरोपी गिरफ्तार


अवैध हथियार तस्करी खरीद-फरोख्त के खिलाफ बूंदी पुलिस ने कार्रवाई करते अवैध हथियारों के साथ आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

**बूंदी,** (निसं)। अवैध हथियार तस्करी खरीद-फरोख्त के खिलाफ बूंदी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन पिस्टल 12 जिंदा कारतूस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक हुनमान प्रसाद ने बताया कि अवैध हथियार तस्करो के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत सदर व तालेड़ा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये 3 आरोपियो को गिरप्तार कर उनके कब्जे से 3 पिस्टल एवं 12 जिन्दा कारतूस बरामद किये।

जिला पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि भगवान सहाय थाना अधिकारी सदर के द्वारा हथियार तस्कर सोनु कुमार सोनगरा के कब्जे से एक पिस्टल मय 4 जिन्दा कारतूस बरामद किये। सोनु से गहनता से पुछताछ करने पर पता चला कि हथियार तस्कर जितेन्द्र पुत्र कल्याण राजपूत हथियार सप्लाई के लिए बून्दी आने वाला है, जिस पर जितेन्द्र को डिटेन कर जितेन्द्र के कब्जे से एक पिस्टल व 5 जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम मे आरोपियों से पूछताछ करने पर तालेड़ा निवासी तस्कर मनुप्रतापसिंह पुत्र रणजीतसिंह का नाम सामने आया, जिस पर तालेड़ा थानाधिकारी रामेश्वर जाट ने आरोपी मनुप्रतापसिंह को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 देशी पिस्टल लोहे की व 3 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये।

# राज्यपाल की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**कोटा,** (निसं)। राज्य में विद्यार्थियों को नि:शुल्क एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की पहल होगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से प्रदेश में इसे क्रियान्वित किया जाएगा। यह बात राज्यपाल कलराज मिश्र ने रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक कही।

परिवहन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक जितेन्द्र सोनी, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक बृजमोहन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के रवि प्रकाश ने भी विचार रखे। राज्यपाल मिश्र ने सोमवार को राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक मे संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए हर जिले से चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 10 मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था की जाएगी। राज्यपाल ने बैठक में राज्य के 33 जिलों के अलावा नए 17 जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी गठन के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 31 जुलाई तक आवश्यक रूप से कार्यवाही कर ली जाए।


रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने जिलों में वृक्षारोपण के लिए भी रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाने और लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने रेडक्रॉस के जरिए अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने, चिकित्सा उपकरणों में सहयोग के लिए जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंगदान के लिए आम जन को जागरूक करने के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यवाही हो। इस पर बताया गया कि विद्यालयी पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जल्द विद्यार्थियों के लिए इसे लागू किया जाएगा। राज्यपाल मिश्र ने बैठक में टीबी मुक्त राजस्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों में रेडक्रॉस की भागीदारी की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में अधिकाधिक निक्षय मित्र बनाने और आम जन की भागीदारी से कार्य किया जा रहा है।

बैठक में राज्यपाल ने राजस्थान को एनीमिया मुक्त किए जाने के लिए भी प्रभावी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इस पर बताया गया कि राजस्थान और विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया बीमारी से मुक्त करने की पहल की जा रही है। राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया रोगियों के बारे में नियमित जानकारी लेकर उनके लिए विशेष रूप से कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में राज्यपाल ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता और स्क्रीनिंग के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानव कल्याणकारी कार्यों के साथ चिकित्सा और सेवा कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाई जाऐं। रेडक्रॉस सदस्यों की संख्या में वृद्धि कर इससे जुड़ी गतिविधियों का विस्तार किया जाऐं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गर्जेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक सहभागिता से राज्य में मानव कल्याण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा स्वच्छता अभियान के साथ पौधा रोपण, रक्तदान, अंगदान और देहदान के लिए रेडक्रॉस के साथ मिलकर अधिकाधिक कार्य किए जाएंगे। इससे पहले इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान शाखा के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। रेडक्रॉस स्टेट जनरल सेक्रेट्री जगदीश जिंदल ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।

- **'नए जिलों में रेडक्रॉस सोसाइटी बनेगी, एनीमिया मुक्त राजस्थान के लिए कार्य होगा'**

**वेबसाइट एवं न्यूजलेटर का लोकार्पण:-**राज्यपाल कलराज मिश्र और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राजस्थान शाखा की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इसमें राजस्थान में रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कार्यों के साथ ही इससे जुड़ने वाले सदस्यों और भामाशाहों द्वारा दिए जाने वाले दान की ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के न्यूज लेटर रेडक्रॉस टाइम्स के नवीन अंक का भी लोकार्पण किया गया।